प्रेषक,

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

सेवा में,

विशेष सचिव,
बेसिक शिक्षा अनुभाग–4
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

पत्रांक गोप0/ डी0एल0एड0–21 / 1780–82 /2021–22. दिनांक : 30 अगस्त 2021

विषय : डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2021 ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि में वृद्धि के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय के पत्रांक गोप0/डी0एल0एड0–21/1728–31/2021–22 दिनांक 25.08.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो शासनादेश सं0 661/अरसठ–4–2021–9(3)/ 2021 दिनांक 11.08.2021 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2021 में काउंसलिंग/प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही एक चरण में सम्पादित कराये जाने हेतु प्रस्तावित समय–सारिणी का शासनादेश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया था।

अवगत कराना है कि डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2021 में शत प्रतिशत प्रवेश के दृष्टिगत निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दूरभाष पर, गतिमान ऑनलाइन आवेदन की निर्धारित तिथि में अतिरिक्त 15 दिन की वृद्धि किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में, प्रदेश में डी0एल0एड0 प्रशिक्षण के अन्तर्गत कुल आवंटित सीटों को शत–प्रतिशत भरे जाने के उद्देश्य से, शासनादेश दिनांक 11.08.2021 द्वारा ऑनलाइन आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि को निम्नानुसार बढ़ाये जाने हेतु समय–सारिणी प्रस्तावित है –

क्रम सं0	कार्यक्रम	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
01	ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	30.08.2021	15.09.2021
02	ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	31.08.2021	16.09.2021
03	पूर्ण आवेदन के प्रिंट आउट लेने की अंतिम तिथि	01.09.2021	17.09.2021

उक्त के क्रम में मुझे यह अनुरोध करने का निर्देश हुआ है कि उक्त प्रस्तावित समय–सारिणी के अनुसार डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2021 के ऑनलाइन आवेदन की तिथि को बढ़ाये जाने हेतु शासनादेश निर्गत करने की कृपा करें। काउन्सिलिंग/प्रवेश प्रक्रिया हेतु सुविचारित समय–सारणी शासनादेश निर्गत किये जाने हेतु पृथक से प्रेषित की जायेगी।

भवदीय
(हस्ताक्षर) 30/08/2021
रजिस्ट्रार
कृते सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0, प्रयागराज।

पृ0सं0/गोप0/डी0एल0एड0–21 / 1780–82 /2021–22 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ महोदय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि डी0एल0एड0 प्रशिक्षण 2021 ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाये जाने हेतु शासनादेश निर्गत किये जाने का अनुरोध शासन से करने की कृपा करें।

(हस्ताक्षर) 30/08/2021
रजिस्ट्रार
कृते सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0, प्रयागराज।